महत्वपूर्ण सूचना

कान्टेबल (जी.डी.), 2011 के उन सभी 1112 अभ्यर्थियों जिनका परीक्षा परिणाम दिनांक 04.02. 2011 को (पुरूष अभ्यर्थी) तथा दिनांक 27.02.2015 को (महिला अभ्यर्थी) आयोग मुख्यालय द्वारा जारी किया गया था, को सूचित किया जाता है कि उन अभ्यर्थियों को दिनांक 11.02.2015 को आयोग के वेबसाइट पर तथा दिनांक 05.03.2015 को उत्तर प्रदेश एवं बिहार के दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से सूचित किया गया था कि वे अपने कागजात इस कार्यालय में दिनांक 31.03.2015 तक जमा कर दें जिससे आगे की कार्यवाही की जा सके तथा यह कि दिनांक 31.03.2015 के पश्चात कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उपरोक्त के अनुपालन में 554 अभ्यर्थियों ने अपने दस्तावेज इस कार्यालय में जमा कर दिए जिनके डोजियर सम्बन्धित बल को संलग्न सूची.-I के अनुसार भेज दिए गए हैं। 141 अभ्यर्थियों का संशोधित परीक्षा परिणाम 06.07.2012 को ही घोषित किया जा चुका था। उनका विवरण भी संलग्न सूची में उपलब्ध है। 14 अभ्यर्थियों का परीक्षाफल गलत केटेगरी या नक्सल/बार्डर/स्टेट में निकला है उनके डोजियर की समीक्षा करके आगे की कार्यवाही की जाएगी।

403 अभ्यर्थियों ने अपने दस्तावेज इतने प्रचार के पश्चात भी अभी तक जमा नहीं किए है यह माना जाता है कि वे इस सेवा के लिए इच्छुक नहीं है और उनसे इस विषय में कोई पत्र व्यवहार नहीं किया जाएगा।

288 अभ्यर्थी जिनके प्राप्तांक सम्बन्धित केटेगरी के अन्तिम चयनित अभ्यर्थी के प्राप्तांक के बराबर या अधिक है तथा उन्होंने अपना आवेदन दिनांक 31.03.2015 तक जमा कर दिया है ऐसे आवेदनों की सूची संलग्नक–II पर उपलब्ध है। उनके केस की समीक्षा की जा रही है तथा उपयुक्त अभ्यर्थियों के परिणाम में संशोधन हेतु आगे की कार्यवाही शीघ्र ही की जाएगी। ऐसे अभ्यर्थियों को समय आने पर वेबसाइट के माध्यम से सूचना दी जाएगी। इसके लिए अभ्यर्थी आयोग में व्यक्तिगत या आर.टी.आई. के माध्यम से जानकारी के लिए व्यग्र न हों। अभ्यर्थियों से सहयोग अपेक्षित है।

क्षेत्रीय निदेशक(मध्य क्षेत्र)